# निकाह के छुआरे लूटने को खूनी संघर्ष

## मारपीट में चार लोग घायल, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** निकाह के बाद छुआरे बांटने के दौरान हुई छीनाझपटी विवाद में बदल गई। झगड़े के बीच देखते ही देखते लाठी-डंडे चल पड़े। मारपीट में चार लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बिगड़ते हालात को संभाला। घायलों को जोया सीएचसी में भर्ती कराया। मामले में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी गई है।

घटना डिडौली क्षेत्र के गांव अशरफपुर फैजगंज में मंगलवार शाम की है। संभल जिले के असमोली थाना क्षेत्र के गांव धकतोड़ा निवासी नजरे आलम पुत्र सत्तार की बारात मंगलवार दोपहर गांव अशरफपुर फैजगंज आई थी। यहां रहने वाले मारूफ की बेटी के साथ निकाह हुआ। निकाह के बाद छुआरे बांटने की रस्म अदा की जा रही थी। इसी दौरान छुआरा बांटते समय छीना झपटी का माहौल बन गया। इसके बाद देखते ही देखते यह माहौल लाठी डंडों के साथ झगड़े में बदल गया। जिसमें बारात पक्ष के फुरकान पुत्र अहमद हसन निवासी सुंदरनगरी थाना नंदनगरी दिल्ली, मोहम्मद हसन पुत्र अहमद हसन इरफान पुत्र इब्राहिम निवासी नूरपुर तुगलकाबाद थाना रजबपुर, शाहरुख पुत्र मोहम्मद हसन निवासी गांव नूरपुर तुगलकाबाद थाना रजबपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची डिडौली पुलिस ने घायलों को जोया सीएचसी में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह बलियान ने बताया की निकाह के दौरान गांव अशरफपुर फैजगंज में छुआरे बांटने को लेकर झगड़ा हुआ है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।तहरीर मिली है, जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# हंसते-खेलते पहले दिन स्कूल पहुंचे नौनिहाल

## शिक्षकों ने फूल देकर किया स्वागत, नए सत्र का आगाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नए शिक्षा सत्र के पहले दिन स्कूलों में रौनक रही। बच्चे नए बस्ते व यूनिफॉर्म में उत्साह के साथ स्कूल पहुंचे। शिक्षकों ने भी बच्चों का भव्य स्वागत किया, जिससे से पहले दिन का माहौल खुश और सकारात्मक रहा। शिक्षा सत्र के पहले दिन स्कूल पहुंचे छात्र छात्राओं में उत्साह देखने लायक था। नई कक्षा में जाने की खुशी उनके चेहरे पर साफ झलक रही थी। पहले दिन प्राइवेट स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति संतोषजनक रही, हसी खुशी के साथ पढ़ाई की शुरुआत की गई। बुधवार को स्कूलों में नया शिक्षा सत्र शुरू हो गया।पहले दिन बच्चों का उत्साह वर्धन कर उनका स्वागत किया गया। गांधी मूर्ति तिराहे से स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकाल कर विद्यालयों में शतप्रतिशत नामांकन व उपस्थिति के लिए अभिभावकों को जागरूक किया गया। इसके अलावा स्कूल स्तर पर भी स्कूल चलो रैली निकली गई। पहले दिन स्कूल जाने वाले बच्चों में उत्साह रहा। उन अभिभावकों में ज्यादा उत्साह



रहा जिनके बच्चे पहली बार शिक्षा के मंदिर जाने वाले थे। अभिभावक स्कूल शुरू होने के समय से पहले ही बच्चों को स्कूल लेकर पहुंच गए। पहले दिन प्राइवेट स्कूलों मै भी रौनक रही। बच्चे नई किताबें और यूनिफॉर्म के साथ उत्साहित नजर आए ,स्कूलों ने छात्रों का स्वागत किया जिससे माहौल खुशनुमा रहा। पढ़ाई शुरू होने से अभिभावकों व छात्रों में खुशी दिखाई दी।

# चोरी में दो को तीन-तीन साल की सजा

## 15 साल पुराने मामले में आया कोर्ट का फैसला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** चोरी के मामले में अदालत ने मुरादाबाद व संभल के दोषी को तीन तीन कारावास की सजा सुनाई। दोनों पर 500-500 रुपये का अर्थदंड लगाया। 15 साल पुराने मुकदमे में दोनों दोषी जमानत पर थे।

मामला थाना गजरौला से संबंधित थी। साल 2011 में थाना पुलिस ने संभल जिले के नखासा थाना क्षेत्र के मोहल्ला मियां सराय निवासी शमीम पुत्र इश्हाक तथा मुरादाबाद जिले के मैनाठेर थाना क्षेत्र के मोहल्ला चौधरियान निवासी गुलाब पुत्र हकीम को गिरफ्तार करते हुए चोरी की घटना का खुलासा किया था। दोनों के कब्जे से चोरी का सामान बरामद हुआ था। जरूरी पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया था हालांकि बाद में दोनों को जमानत पर रिहाई मिल गई थी। तभी से मुकदमे की सुनवाई स्थानीय अदालत में विच. ाराधीन थी। बुधवार को अदालत ने इस मुकदमे में अंतिम सुनवाई की। अभियोजन व बचाव पक्ष की दलीलों को सुना तथा पत्रावली का गहन अवलो. कन किया। साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने गुलाब व शमीम को दोषी करार दिया। एसपी लखन सिंह के मुताबिक अदालत ने दोनों दोषियों को तीन तीन साल जेल कारावास की सजा सुनाते हुए 500-500 रुपये का अर्थदंड लगाया है।

# अपराधों पर नियंत्रण पहली प्राथमिकता

## नवागंतुक एसपी लाखन सिंह ने संभाला चार्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नवागंतुक पुलिस अधीक्षक लाखन सिंह यादव ने साफ कहा कि जिले में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ की किसी को इजाजत नहीं दी जाएगी। अपराधों व महिला उत्पीड़न की रोकथाम उनकी पहली प्राथमिकता होगी।



पुलिस कार्यालय में बुधवार को प्रेस वार्ता कर अपनी प्राथमिकताओं और कार्ययोजना को स्पष्ट किया। 2018 बैच के आईपीएस अधिकारी लखन सिंह यादव ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और पुलिस टीम को पूरी तरह सतर्क रखा गया है। जनपद में अपराध नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे, जिनमें हिस्ट्रीशीटर, वांछित अपराधियों और अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। एसपी ने बताया कि थानों की कार्यप्रणाली में सुधार लाकर जनता की शिकायतों का त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। पुलिस की कार्यशैली को पारदर्शी और जवाबदेह बनाने पर विशेष जोर दिया जाएगा और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल की आवश्यकता पर बल देते हुए आम लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। प्रेस वार्ता के अंत में एसपी लखन सिंह यादव ने भरोसा दिलाया कि अमरोहा में कानून का राज कायम रखते हुए आमजन को सुरक्षित और भयमुक्त वातावरण प्रदान करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

# फोटो खींचने को बाराती व घरातियों में चले लात घूंसे

## दोनों पक्षों के पांच लोग हिरासत में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बारात में लड़कियों के मोबाइल से फोटो खींचने को लेकर बाराती एवं घरातियों में जमकर लाठी डंडे व बेल्टों के चलने से अफरा तफरी मच गई। पुलिस ने दोनों पक्षों से पांच को हिरासत में लिया है।

नगर के बाईपास मार्ग पर मैरिज हॉल में हुई 4 दिन पहले मारपीट को लोग अभी भूल भी नहीं थे कि एक मामला और प्रकाश में आ गया। जनपद संभल के नखासा के गांव मिलक से बुधवार को कोतवाली हसनपुर के गांव शाहपुर कलां में बारात आई थी। बारात की खातिरदारी की गई थी। इस दौरान एक युवक अपने मोबाइल से आरोप है कि लड़कियों का फोटो करने लगा। दूसरे पक्ष ने इसका विरोध किया इसको लेकर दोनों पक्षों में कहा सुनी होने लगी तथा उनके बीच मारपीट होने लगी। देखते ही देखते नगर के बाईपास पर स्थित मैरिज हॉल कुश्ती का अखाड़ा बन गया। उपद्रवियों ने दूल्हे के भाई नफीस पुत्र जफरुद्दीन की पिटाई करते हुए उसके कपड़े भी फाड़ दिये। बताया जाता है बताया जाता है निकाह होते समय भी युवक हाथों में बेल्ट लिए हुए खड़े थे। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों पक्षों के पांच लोगों को हिरासत में ले लिया। समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्ष के लोग कोतवाली में जमे हुए थे।

# बालाजी महाराज की शोभायात्रा में उमड़ा सैलाब

## कई स्थानों पर पुष्प वर्षा से स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** हनुमान जयंती पर चल रहे पांच दिवसीय महोत्सव के तीसरे दिन बुधवार को बाला. जी महाराज की भव्य शोभायात्रा धूमधाम और भक्तिभाव के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। नगर के प्रमुख बाजारों और मार्गों पर जगह-जगह पुष्पवर्षा, जलपान और जयकारों के साथ शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। आकर्षक झांकियों और भजनों ने पूरे नगर को भक्तिमय बना दिया।

श्री राम जानकी मंदिर बालाजी धाम से निकली शोभायात्रा में फूलों से सजे भव्य रथ पर बालाजी महाराज विराजमान रहे। रथ को श्रद्धालु अपने हाथों से खींचते हुए भजन-कीर्तन करते आगे बढ़े। यात्रा कंचन बाजार, हरदेव बाजार, अग्रसेन बाजार, पुराना स्टेट बैंक तिराहा और तिकोना स्कूल मार्ग से होती हुई देर शाम बालाजी मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा का शुभारंभ पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने नारियल फोड़कर किया। यात्रा के दौरान श्रद्धालु छम-छम नाचे वीर हनुमाना, यह बाबा का जादू है और सबको बधाई हो, हनुमान जयंती आई है



जैसे भजनों पर झूमते नजर आए। नगर में कई स्थानों पर भक्तों को जलपान कराया गया और पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में शामिल झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर शिवकुमार वर्मा, अरविंद अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, नवीन वर्मा, भोलेशाह, विनोद अरोड़ा, राघव वर्मा, राहुल अग्रवाल, पारस सिंघल, राकेश अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल, महिला अध्यक्ष सिम्मी अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, सिंपल सिंघल, अनीता वर्मा, सोनिया अग्रवाल, कुसुम अग्रवाल, पूजा, उषा, प्रभा, नीति समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



# आधी रोटी खायेंगे, स्कूल जरूर जायेंगे... के नारे गूंजे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नए शिक्षा सत्र 2026-27 की शुरुआत के साथ बुधवार को नगर और आसपास के गांवों में स्कूल चलो अभियान की धूम दिखाई दी। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 500 से अधिक बच्चे हाथों में तख्तियां लेकर सड़कों पर उतरे और आधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगे जैसे गूंजते नारों से पूरे नगर को शिक्षा के रंग में रंग दिया। रैली को खंड विकास अधिकारी नरेंद्र गंगवार और खंड शिक्षा अधिकारी चंद्र प्रकाश ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली नगर के मुख्य बाजार, मोहल्लों और प्रमुख मार्गों से होकर निकली। जहां-जहां से रैली गुजरी, लोग रुककर बच्चों का उत्साह बढ़ाते नजर आए। छोटे-छोटे बच्चों की जोशभरी आवाज ने अभिभावकों को भी बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। खंड विकास अधिकारी नरेंद्र गंगवार ने कहा कि सरकार की मंशा है कि क्षेत्र का कोई भी बच्चा शिक्षा से दूर न रहे। इसके लिए गांव-गांव जाकर अभिभावकों को जागरूक किया जाएगा। इसमें महिला प्राथमिक शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष नीतू, कंचन, एआरपी रोहतास सिंह, शिक्षित कुमार, सुनील कुमार, सत्य प्रकाश गौतम, गौरव देवल, सुंदरलाल समेत बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया।

# वार्षिक लेखाबंदी के कारण बंद रहीं गैस एजेंसियां

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** वार्षिक लेखाबंदी के कारण नगर की सभी गैस एजेंसियों से आपूर्ति नहीं मिली, जबकि उपभोक्ता

### ■ एजेंसी पर आकर मायूस होकर वापस लौटे उपभोक्ता

सुबह से ही एजेसियों पर पहुंच गए थे। हालांकि एजेंसी पर इस आशय से संबधित लगे सूचना बोर्ड पढ़कर वे वापस लौट गए।

बता दें कि हर वर्ष 01 अप्रैल से नया वित्तीय वर्ष प्रारंभ होता है। अमूमन सभी सरकारी व गैर सरकारी विभागों में 31 मार्च और 01 अप्रैल को वार्षिक लेखाबंदी, नए अपडेट होते हैं। इसी करण से नगर में स्थित काजला गैस एजेंसी, गजरौला गैस सर्विस एवं अनिल भारत गैस एजेंसी बंद रहीं। उपभोक्ताओं को हालांकि इस विषय की बहुत ज्यादा जानकारी नहीं थी, इस कारण वे सुबह से ही एजेसियों पर पहुंचना शुरू हो गए थे। पर यहां पर एजेंसी संचालकों द्वारा वार्षिक लेखाबंदी के कारण सूचनार्थ बोर्ड लगाए गए थे, जिन्हें पढ़कर उपभोक्ता मायूस होकर वापस लौट गए। बुधवार की सुबह एजेंसी पर पहुंचे उपभोक्ता पवन वीर संह नगला निवासी, गौरव यादव निवासी तिगरी, रविता निवासी नवादा खानपुर , मंजू रानी निवासी बिजौरा, मोहित निवासी मोहरकापट्टी का कहना था कि कुछ दिन पहले से ही यह सूचनार्थ बोर्ड लगा देना चाहिए ताकि उपभोक्ताओं को पहले से ही इस बात की जानकारी प्राप्त हो जाती और उन्हें मायूस होकर नहीं लौटना पड़ा। एजेंसी संचालकों ने बताया कि वार्षिक लेखाबंदी के चलते एजेंसी बंद रही। गुरूवार को एजेंसी पूर्ववत खुलेगी।

### अम्बेडकर जयंती पर समिति के पक्ष में अंतरिम राहत

**मंडी धनौरा।** मंडी धनौरा के सुभाषनगर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में 14 और 15 अप्रैल को होने वाले अंबेडकर जयंती कार्यक्रम को लेकर चल रहे विवाद में सिविल जज अमरोहा ने वादी संस्था के पक्ष में अंतरिम आदेश दिया है। अदालत ने दूसरे पक्ष को साफ निर्देश दिए हैं कि अगली सुनवाई तक कार्यक्रम में किसी भी तरह का व्यवधान न किया जाए। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर सेवा समिति की ओर से अदालत में दायर वाद में बताया गया कि संस्था सोसाइटी एक्ट के तहत पंजीकृत है। नगर पालिका परिषद धनौरा की ओर से अंबेडकर पार्क की देखरेख और वहां होने वाले कार्यक्रमों की जिम्मेदारी संस्था को दी गई है। 14 और 15 अप्रैल को बाबा साहब की जयंती के मौके पर सांस्कृतिक और अन्य कार्यक्रम रखे गए हैं, जिनके लिए नगर पालिका से अनुमति भी मिल चुकी है।

# प्रदेश सरकार का गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर पूरा ध्यान



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के बस्ती स्थित संविलियन विद्यालय से 'स्कूल चलो अभियान' की रैली को पूर्व विधायक हरपाल सिंह एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) आरती गुप्ता ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

बुधवार को विद्यालय प्रांगण पर रैली प्रारंभ करते समय पूर्व विधायक ने कहा कि, उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शिक्षा की गुणवत्ता पर पूर्ण ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान करते हुए कहा कि, अपने बच्च्चों को परिषदीय विद्यालयों में भेजें। क्योंकि परिषदीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था के साथ-साथ प्रदेश सरकार द्वारा बच्चों की गणवेश के लिए भी धनराशि का

### ■ पूर्व विधायक ने स्कूल चलो अभियान की रैली को किया रवाना

व्यय दिया जाता है तो वहीं मिड डे मील की व्यवस्था भी रहती है। बीईओ ने भी अभिभावकों से 06 से 14 वर्ष तक के अपने बच्चों को स्कूल भेजने का आह्वान किया। प्रमुख मार्गों पर घूमी रैली में शामिल शिक्षक-शिक्षिकाएं, नागरिक और छात्र-छात्राएं जोरदार नारे लगाते हुए चल रहे थे। इस मौके पर सभासद पति देवेश शर्मा, प्रधानाध्यापिका दीपक कुमार, सुभाष सिंह, नफीस अहमद, आदेश सिंह, अरविंद पंघाल, मदनपाल सिंह, आकांक्षा मिश्रा, अनिता पाल, अना. मिका, डॉ.पृथी सिंह, विपिन पंघाल, गोपाल सिंह, प्रदीप सिंह, नीरज देवी आदि मौजूद रहे। रैली में कन्या जूनियर विद्यालय बस्ती के स्टॉफ द्वारा भी प्रतिभाग किया गया।

# वैंक्टेश्वर में फ्रेशर फियेस्टा का भव्य आयोजन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के विम्स मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस 2025 बैच के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के स्वागत में फ्रेशर पार्टी 'इन्सेप्शन-2026 फ्रेशर फियेस्टा' का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया।

संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में सेवा, समर्पण और धैर्य के महत्व पर जोर दिया तथा छात्रों को मानव सेवा के लिए प्रेरित किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गायन, गिटार व अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से देर तक समां बांधे रखा। कोरोना सहित विभिन्न आपदाओं में जान गंवाने वाले चिकित्सकों को लघु नाटिका के माध्यम से श्रद्धांजलि भी दी गई। फ्रेशर प्रतियोगिता में यश मलिक को मिस्टर फ्रेशर और अंशु सिंह को मिस फ्रेशर-2025 चुना गया। कार्यक्रम में प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी कर्नल डॉ. सुमित व जीएम मेघा सबरवाल मुख्य ज्यूरी के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर कॉलेज के डीन, चिकित्सक व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# वाहन की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा ।** अज्ञात वाहन की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पीएम कराया है।

मृतक अभिषेक उर्फ गोलू थाना क्षेत्र के गांव रामपुर जुनारदार निवासी किसान अनूप सिंह का बेटा था। परिवार में पत्नी ममता देवी के अलावा दो बेटे थे। उनके बड़े बेटे लक्की की एक साल पहले सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। इसके बाद परिवार में अभिषेक उर्फ गोलू ही बचा था। परिजनों के मुताबिक वह पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहा था। बुधवार शाम में अभिषेक उर्फ गोलू किसी काम से क्षेत्र के गांव खेड़का आया था। शाम करीब साढ़े पांच बजे वह बाइक पर सवार होकर घर लौट रहा था। रास्ते में अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, हादसे में गंभीर घायल अभिषेक की मौके पर ही मौत हो गई। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। हादसे के बाद चालक मौके पर वाहन छोड़कर भाग गया है, जिसकी जांच कराई जा रही है। परिजनों की तहरीर के आधार पर मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# एसडीएम ने किया जनसेवा केन्द्रों का निरीक्षण

## जल्द करायें फार्मर रजिस्ट्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** फार्मर रजिस्ट्री (एग्रीस्टैक) को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। बुधवार को एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने तहसील के अधिकारियों के साथ क्षेत्र के कई जनसेवा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वह मलेशिया स्थित शर्मा डिजिटल सेवा केंद्र पहुंचीं और वहां चल रहे फार्मर रजिस्ट्री कार्य का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने जनसेवा केंद्र संचालकों को साफ निर्देश दिए कि किसानों की फार्मर रजिस्ट्री प्राथमिकता के आधार पर की जाए, ताकि ज्यादा से ज्यादा किसान इसका लाभ ले सकें। उन्होंने




मौके पर मौजूद किसानों से बातचीत कर उन्हें इसके फायदे भी आसान भाषा में समझाए। एसडीएम ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री किसानों का डिजिटल रिकॉर्ड है, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे और आसानी से मिलेगा। इससे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की किस्त समय से मिलेगी, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) बनवाने में आसानी होगी, फसल बीमा प्रक्रिया पारदर्शी बनेगी और सरकारी खरीद केंद्रों पर फसल बेचने में कम कागजी कार्रवाई करनी पड़ेगी। उन्होंने किसानों से अपील की कि वह जल्द से जल्द अपनी फार्मर रजिस्ट्री कराएं और गांव के दूसरे किसानों को भी इसके लिए जागरूक करें। इस दौरान नायब तहस. ीलदार राजपाल सिंह, लेखपाल विकास यादव, ग्राम प्रधान हरीश कुमार यादव, किसान देवीशरण शर्मा, ब्रह्मपाल यादव, कलवा खां, रक्षित शर्मा और हर्षित सैनी समेत कई लोग मौजूद रहे।

## अम्बेडकर जयंती मनाने का विवाद सुलझा

**हसनपुर।** अंबेडकर जयंती को मनाने के लिए चला आ रहा विवाद अधिकारियों की मौजूदगी में समाप्त हो गया है। दोनों पक्षों से जयंती मनाने के लिए दो अध्यक्ष बनाये गये हैं। नगर के अंबेडकर पार्क पर 14 अप्रैल को संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई जाती है। लेकिन इस बार अंबेडकर विकास मंच एवं अंबेडकर जन्मोत्सव समिति द्वारा अंबेडकर जयंती को मनाने के लिए प्रशासन से अनुमति मांग रहे थे। इसको लेकर दोनों समितियो के पदाधिकारियो के बीच खींचातानी चल रही थी। इसको लेकर राजनी. तिक पार्टी के नेता व अधिकारी भी पेशों पेश में थे। मंगलवार की देर शाम गये कोतवाली प्रांगण में एसडीएम हिमांशु उपाध्याय सीओ पंकज कुमार त्यागी व कोतवाल राजेश कुमार त्यागी ने दोनों समितियां के पदाधिकारी को बुलाया था। घंटों तक चली वार्ता के बाद एक पक्ष से विनोद कुमार गौतम व दूसरे पक्ष से चंचल कुमार सागर को अंबेडकर जयंती मनाने के लिए अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

## जीएमएस के छात्रों ने किया म्युजियम का दौरा



**शाह टाइम्स संवाददाता रजबपुर।** जीएमएस कालेज आफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज के छात्र-छात्राओं ने दिल्ली स्थित नेशनल साइंस सेंटर साइंस म्यूजियम का शैक्षणिक भ्रमण कर विज्ञान की दुनिया को करीब से समझा। इस अवसर पर विद्यार्थियों में उत्साह, जिज्ञासा और सीखने की ललक साफ दिखाई दी। विज्ञान संग्रहालय, जहाँ विज्ञान से जुड़े सिद्धांतों और तकनीकों को सरल एवं रोचक तरीके से प्रस्तुत किया जाता है। भ्रमण के दौरान जीएमएस कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने म्यूजियम की विभिन्न गैलरियों का अवलोकन किया। कॉलेज के चेयरमैन शाहनवाज अली ने कहा कि "ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। यह उन्हें नई सोच, रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण प्रदान करते हैं, जो उनके भविष्य को मजबूत बनाते है। ग्रुप निदेशक डॉ. हरीश कुमार ने अपने विचार रखते हुए कहा कि "विज्ञान को समझने के लिए केवल पढ़ना पर्याप्त नहीं, बल्कि उसे देखना और अनुभव करना भी जरूरी है। इस भ्रमण ने छात्रों में जिज्ञासा और शोध की भावना को और अधिक प्रबल किया है।"

# निजी जगह पर भीड़ जुटा नमाज पढ़ने पर रोक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए स्पष्ट किया है कि व्यक्तिगत सुरक्षा और निजी संपत्ति की आड़ में सार्वजनिक व्यवस्था और शांति को खतरे में नहीं डाला जा सकता। कोर्ट ने याचियों को निजी संपत्ति पर भीड़ जुटाकर नमाज पढ़ने पर रोक लगा दी है।

साथ ही कहा कि शांति व्यवस्था भंग होने पर प्रशासन कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है। यह आदेश न्यायमूर्ति सरल श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति गरिमा प्रसाद की खंडपीठ ने तारिक खान की याचिका पर दिया है।बरेली निवासी याची तारिक खान ने रमजान के दौरान निजी संपत्ति पर नमाज पढ़ने से रोक लगाने और शांति भंग में किए गए चालान को चुनौती देते हुए याचिका दायर की थी। इस मामले में कोर्ट ने बरेली की डीएम और एसएसपी को तलब किया था। न्यायालय के पूर्व आदेश के अनुपालन में बरेली के जिला मजिस्ट्रेट और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश हुए। सुनवाई के दौरान अपर महाधिवक्ता अनूप त्रिवेदी ने शासन का पक्ष रखते हुए न्यायालय को अवगत कराया कि याचिकाकर्ता सुरक्षा की आड़ में नियमों का दुरुपयोग कर रहा है। हलफनामे और साक्ष्यों के माधयम से अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता की निजी संपत्ति पर प्रतिदिन 52 से 62 लोग नमाज के लिए एकत्रित हो रहे हैं, जिससे क्षेत्र की सांप्रदायिक शांति और सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा हो रहा है। कानून और व्यवस्था बनाए रखना अधिकारियों का प्राथमिक कर्तव्य है, और ऐसी प्रथाओं को जारी रहने की अनुमति नहीं दी जा सकती जो सार्वजनिक शांति में व्यवधाान डालें। न्यायालय के कड़े रुख को देखते हुए याचिकाकर्ता के अधिवक्ता राजेश कुमार गौतम ने अदालत को आश्वस्त किया कि भविष्य में उक्त संपत्ति पर नमाज के लिए बड़ी संख्या में लोगों को एकत्रित नहीं किया जाएगा। इस वचन को रिकार्ड पर लेते हुए हाईकोर्ट ने उम्मीद जताई कि याचिकाकर्ता अपने वादे का पालन करेगा। हालांकि, पीठ ने कड़े शब्दों में कहा कि यदि इस वचन का उल्लंघन होता है और नमाज के बहाने भीड़ जुटाई जाती है, जिससे क्षेत्र की शांति प्रभावित होती है, तो जिला प्रशासन और पुलिस कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई करने के लिए पूरी तरह स्वतंत्र होंगे। इसी क्रम में, न्यायालय ने राज्य अधिकारियों को निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता और अन्य संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध 16 जनवरी 2026 को जारी किए गए चालान तत्काल वापस लिए जाएं और इस मामले में पूर्व में जारी किए गए अवमानना नोटिसों को भी रद्द कर दिया गया।

साथ ही कोर्ट ने पूर्व में हसीन खान को दी गई सुरक्षा प्रशासन को वापस लेने का निर्देश दिया। इन टिप्पणियों और दिशा-निर्देशों के साथ माननीय उच्च न्यायालय ने रिट याचिका का निस्तारण कर दिया।



■ व्यक्तिगत सुरक्षा और निजी संपत्ति की आड़ में सार्वजनिक व्यवस्था और शांति को खतरे में नहीं डाला जा सकता: हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया रुख

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में कई अधिकारी रहे अनुपस्थित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** क्षेत्र पंचायत की बैठक में कई विभाग के अधिाकारी अनुपस्थित रहे। इसको लेकर प्रमुख गायत्री मिश्रा ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि जिन विभाग के अधिाकारी नहीं आए हैं उन्हें नोटिस दी जाएगी। इसकी जानकारी पत्राचार के माधयम से डीएम के अलावा शासन को भेजी जाएगी। प्रमुख ने बताया कि सीएचसी मेजा के अधाीक्षक अनुपस्थित रहे। उनके स्थान पर सीएचसी की बीपीएम सुमन कुशवाहा को भेजा गया था। वहीं पशु चिकित्सालय, राजकीय नलकूप विभाग, .षि अधिाकारी बैठक में अनुपस्थित रहे। क्षेत्र पंचायत की बैठक में उस समय हड़कंप मच गया, जब घोरी ग्राम पंचायत के प्रधाान अखिलेश कुमार ने कहा कि गांव में टीबी के कई मरीज हैं लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने कागज पर टीबी मुक्त गांव घोषित कर दिया। कागज पर की गई घोषणा से वे आहत हूं। मैं यह सम्मान नहीं ले सकता हूं।उहुआ यह कि स्वास्थ्य विभाग ने मेजा ब्लॉक के चार गांवों को टीबी मुक्त गांव घोषित किया है। इसमें घोरी, ईंटवा खुर्द, गड़ेवरा और सुजनी गांव शामिल है। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग ग्राम प्रधाानों को सम्मानित करना चाह रहा था लेकिन इसी बीच घोरी प्रधाान अखिलेश कुमार ने स्वास्थ्य विभाग की असलियत ही बता दी।

## संक्षिप्त समाचार

### चुनावी मुद्दे पर बहस के बाद युवक को चलती ट्रेन से नीचे फेंका, मौत

**प्रयागराज।** चुनावी मुद्दे पर हुई बहस के बाद युवक ने यात्री को चलती ट्रेन से नीचे फेंक दिया। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण यात्री की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे ट्रेन में हड़कंप मच गया। सहयात्रियों ने आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी युवक हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाता रहा। बोगी में सवार अन्य यात्रियों ने भी बताया कि आरोपी ने कई लोगों के साथ मारपीट की। घटना बुधावार सुबह मनौरी रेलवे स्टेशन के पास हुई। प्रकरण में जीआरपी प्रयागराज ने दो युवकों को हिरासत में लेकर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। घटना के बाद इंटरसिटी एक्सप्रेस में यात्रियों ने आरोपी को पकड़ लिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जीआरपी मृतक यात्री की शिनाख्त करने में जुटी है।

### पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय के बच्चों ने आंचलिक विज्ञान केंद्र का किया भ्रमण

**सिंहपुर -अमेठी।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम एस्पोजर विजिट के अन्तर्गत मंगलवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी के दिशा निर्देशन में पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय पन्हौना के कक्षा 6 से 8 तक के अध्ययनरत बच्चों को लखनऊ स्थित आंच. लिक विज्ञान केंद्र साइंस सिटी का भ्रमण कराया गया। बच्चों ने विद्युत,ध्वनि ऊर्जा बल आदि का क्रियात्मक अनुभूति किया साथ ही जलीय जंतुओं पुरातन जीवों और उनके सम्बंध में जानकारी प्राप्त किया। शिवांश शुक्ला,शुभम,आकाश,सविता, प्रिया जावेद,पिंकी, गुलशन बानो अहम , सुजीत,अमरनाथ सहित 40 बच्चो को शैक्षिक भ्रमण में शामिल रहे।प्रधानाध्यापक पवन कुमार ने बताया कि इस भ्रमण दर्शन का उद्देश्य बच्चों में विज्ञान के प्रति शैक्षिक एवं बौद्धिक स्तर को बढ़ाना है। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक पवन कुमार, सहायक अध्यापक भारत शरण रावत,दीना नाथ,विपिन सरोज, नूतन मिश्रा,अमरीश कुमार ,राम प्रताप,चंचला कुमारी,कीर्ति शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### एसडीपीआई का सामाजिक न्याय यात्रा' को समर्थन

**लखनऊ।** सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी आफ इंडिया ने भारत बचाओ संविधान बचाओ आंदोलनह्न एवं भारतीय किसान यूनियन द्वारा प्रस्तावित गोरखपुर से दिल्ली तक आयोजित होने वाली 'सामाजिक न्याय यात्रा' को समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए इसे पूर्ण समर्थन देने का निर्णय लिया है। उन्होंने आगे कहा किै क्च्प् का हमेशा से यह प्रयास रहा है कि देश में लोकतांत्रिक मूल्यों, समानता, न्याय और भाईचारे को मजबूत किया जाए। इसी उद्देश्य के तहत पार्टी इस यात्रा में सक्रिय भूमिका निभाएगी और प्रदेश के विभिन्न जिलों में इसके समर्थन में कार्यक्रम, जनसभाएं और जागरूकता अभियान भी आयोजित करेगी। निज़ामुद्दीन खान ने प्रदेश की जनता, विशेषकर युवाओं, किसानों और सामाजिक संगठनों से अपील की कि वे इस 'सामा. जिक न्याय यात्रा' में शामिल हों।

# युवती के साथ दुष्कर्म की शिकायत आरोपी भेजा जेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती सोमवर सुबह खेत में कटाई करने जा रही थी। युवती के पिता के अनुसार, बेटी मानसिक रूप से कमजोर है। आरोप है कि कुछ ही दूरी पर गांव के एक युवक ने उसे पकड़ लिया और पास ही बनी मंडी समिति में ले गया। वहा उसके साथ दुष्कर्म किया। वापस आने पर युवती ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। लड़की के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। मंगलवार को गिरतार कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।थाना क्षेत्र की रहने वाली एक छात्रा दुष्कर्म के बाद गर्भवती हो गई। छात्रा के पिता की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक खीरी . ष्ण मोहन सिंह ने बताया कि 11वीं का छात्र और नौवीं की छात्रा में कालेज आते-जाते संपर्क हो गया। इसके बाद दोनों मिलने लगे। आरोप है कि छात्र ने छात्रा के साथ शारी. रिक संबंधा बना लिया। जांच के दौरान पता चला कि छात्रा पांच महीने की गर्भवती है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि लड़की के पिता की तहरीर मिली है। प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

**फसल जलकर राख**

**बाजार शुकुल।** थानाक्षेत्र के मवैया चौराहा व बाजार शुकुल कस्बा के पास बाबा का तालाब से कुछ दूर पर स्थित गेहूं के खेत में बुधवार की दोपहर विद्युत शार्ट सर्किट से आग लग गई और गेहूं की फसल जलने लगी। जानकारी होने पर ग्रामीणों द्वारा जब तक आग पर काबू पाया जाता और सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची।

# ज्वाला देवी में वार्षिक परीक्षाफल समारोह

**प्रयागराज।** ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कालेज, सुभाष नगर, प्रयागराज में वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप में वात्सल्य हास्पिटल की निदेशिका डा. .तिका अग्रवाल, कौशल कान्वेंट स्कूल की निदेशिका श्रीमती निशा कौशल, समाजसेवी श्री आनंद जी टंडन पप्पन भईया, श्री बृजेश सिडाना, श्री अर्पित कौशल, सरस्वती शिशु मंदिर किदवई नगर की प्रधाानाचार्य श्रीमती मीरा पाठक, श्री अमित जी, श्री सत्य प्रकाश जी तथा विद्यालय की कोषाधयक्ष श्रीमती रेखा सिंह उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यालय की प्रधाानाचार्य श्रीमती मीना श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का परिचय कराया तथा उन्हें पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।परीक्षाफल की आख्या परीक्षा विभाग प्रमुख श्रीमती सुगंधाा सिंह द्वारा प्रस्तुत की गई। उन्होंने बताया कि इस वर्ष कुल 555 भैया-बहन परीक्षा में सम्मिलित हुए तथा सभी विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लेकर उत.ष्ट अनुशासन का परिचय दिया। स अवसर पर प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, 100 प्रतिशत उपस्थिति वाले भैया-बहनों तथा संयुक्त रूप से सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले भैया अनुकूल शर्मा एवं आयुष सिंह को मंचासीन अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सं.ति ज्ञान परियोजना के अंतर्गत आयोजित सं.ति ज्ञान परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्.त किया गया। साथ ही विद्यालय की पुरातन छात्रा तनिष्का एवं छात्र अमन गुप्ता को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधान में विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, परिश्रम और अच्छी आदतों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए विशेष रूप से मेडिकल एवं इंजीनियरिंग क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। आचार्या श्रीमती नीलम शर्मा ने उपस्थित सभी अतिथियों, अभिभावकों, मातृशक्ति एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्यगणों में श्रीमती संतोष सेठ, श्रीमती रेखा सिंह, श्रीमती मांडवी तिवारी, श्रीमती निधिा श्रीवास्तव, श्रीमती सरिता सिंह, शिवकुमारी, मंदाकिनी आदि का विशेष योगदान रहा। पुरस्कार वितरण व्यवस्था में भी श्रीमती संतोष सेठ सहित समस्त आचार्यगण सक्रिय रूप से सहयोग करते रहे। कार्यक्रम का कुशल संच. ालन श्रीमती नीलम शर्मा द्वारा किया गया। समारोह का समापन राष्ट्रगीत एवं आभार ज्ञापन के साथ हुआ।







# संचारी रोग नियंत्रण अभियान को दिखाई रही झंडी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** संचारी रोग नियन्त्रण अभियान द्धप्रथम चरण-माह अप्रैल 2026ऋ का उद्घाटन डा0 आशु पाण्डेय, संयुक्त निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, प्रयागराज मण्डल प्रयागराज के द्वारा संयुक्त रैली नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना करके किया गया।

यह संचारी अभियान दिनांक 01 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 एवं दस्तक अभियान 10 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक विभिन्न विभागों के समन्वय से संचालित किया जायेगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को इस अभियान का नोडल बनाया गया है। इस अभियान में नगर निगम, पंचायती राज, पशुपालन विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार, शिक्षा विभाग, दिव्यांग जन सशक्तीकरण विभाग, उद्यान विभाग, .षि एवं सिंचाई विभाग एवं सूचना विभाग को मिलकर शासन ने सकुशल सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी सौंपी है। उक्त सभी विभागों द्वारा जन-जागरूकता, साफ-सफाई, कचरा-निस्तारण, जल भराव रोकने, फागिंग आदि कार्यो को सम्पादित किया जाना है। डा0 आशु पाण्डेय, संयुक्त निद. ेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, प्रयागराज मण्डल प्रयागराज, जी ने इस अभियान को सुचारू रूप से संचालन करने की शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम का संच. ालन जिला कार्यक्रम प्रबन्धा श्री विनोद कुमार सिंह जी ने किया। जिला मलेरिया अधिकारी ने संचारी रोगों के नियंत्रण संबंधी कार्यवाही पर विशेष जानकारी दी तथा यह भी बताया कि विगत 05 वर्षो में संचारी रोगों, डेंगू एवं चिकुनगुनिया पर नियंत्रण के लिए विशेष प्रयास किये गये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने नोडल होने के नातें स्वास्थ्य विभाग की विशेष भूमिका के विषय में चर्चा की, जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में समस्त विभागों को समन्वय बनाकर संचारी रोगों के नियन्त्रण हेतु कार्य करने के लिए अनुरोधा किया और सोर्स रिडक्शन पर विशेष ध्यान देने एवं दस्तक अभियान के दौरान बुखार के रोगियों, आई0एल0आई0 केसेज, क्षय रोग के लक्षण युक्त, कुपोषित बच्चों एवं मच्छरों के प्रजनन स्थल की सूची तैयार करने तथा आभा आई0डी0 बनाने हेतु निर्देशित किया।

जिला मलेरिया अधिकारी श्री ए0के0 सिंह ने विशेष जोर देते हुए माननीय मुख्य मंत्री महोदय के निर्देशों का अनुपालन करते हुए अपने आस पास के क्षेत्रों में स्वच्छता का धयान, शौचालय की सफाई, लोगों को जागरूक करना एवं प्रचार प्रसार सामग्री को आमजन मानस तक पहुचाने हेतु निर्देशित किया।

उष्ण मौसम के संबंधित रोगों द्धहीट रिलेटेड इलनेसेजऋ, भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर जनमानस हेतु शीतल एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, गर्मी से बचाव हेतु शेलटर्स की व्यवस्था, व्यस्त स्थानों पर मौसम के पूर्वानुमान तथा तापमान का डिस्प्ले, हीट वेव से बचाव हेतु उपायों का जनमानस में व्यापक प्रचार प्रसार, विघालयों में हीट वेव से बचाव हेतु उपायों का जनमानस में व्यापक प्रचार प्रसार, के .ष्टिगत जनपद की घनी आबादी वाले क्षेत्रों, खराब सड़कों, बेसमेन्ट एवं नालियों में जल जमाव से मच्छरों में प्रजनन होता है जिससे मलेरिया डेंगू एवं अन्य संचारी रोगों का प्रकोप बढ़ता है, इसलिए विशेषकर शहरी क्षेत्रों में संचारी रोगों पर नियन्त्रण हेतु व्यापक स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाये जाने की आवश्यकता पर बल दिया। डा0 आशु पाण्डेय, संयुक्त निद. ेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, प्रयागराज मण्डल प्रयागराज, द्वारा संचारी रोग से सम्बन्धिात शपथ ग्रहण कराया गया।

अन्त में मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय ने धान्यवाद ज्ञापित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 ए0 के0 तिवारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा रावेन्द्र सिंह, एपिडेमियोलाजिस्ट डा0 अन्शू वैश्य, डब्ल्यू0एच0ओ0 के एस0एम0ओ0 डा0 आलोक कुमार, मलेरिया एवं स्वास्थ्य विभाग के समस्त कर्मचारीगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहें।




■ अभियान एक अप्रैल से 30 अप्रैल एवं दस्तक अभियान दस अप्रैल से तीस अप्रैल तक विभिन्न विभागों के समन्वय से संचालित किया जायेगा

## दोषी को सजा-ए-मौत मिलने से बेटी को मिला इन्साफ

**प्रयागराज।** सोरांव थाना क्षेत्र में आठ वर्षीय मासूम से दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में जिला अदालत की ओर से फांसी की सजा सुनाए जाने पर मृतका के परि. जनों ने राहत महसूस की है। उन्होंने कहा कि अदालत से बेटी की मौत का इन्साफ मिला है। बता दें कि मामला प्रयागराज के सोरांव थाना क्षेत्र का था। आरोप था कि तीन अक्तूबर 2024 को बच्ची बीमार पिता को लगने वाले इंजेक्शन की बची दवा मेडिकल स्टोर पर रखने गई थी। घर नहीं लौटी तो परिवारवालों ने रातभर खोजबीन की पर उसका कोई पता नहीं चला। अगले दिन उसका शव धाान के खेत में मिला। जांच के दौरान दोषी मुकेश कुमार पटेल को अदालत ने फांसी की सजा सुनाई। दोषी मुकेश कुमार पटेल को अदालत द्वारा फांसी की सजा सुनाने के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही थी। वहीं दोषी के घर में मंगलवार को सन्नाटा पसरा था। दोषी के माता-पिता ने बताया कि अदालत पर विश्वास है। बेटे को फांसी की सजा मिली है। अदालत के इस फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती दी जाएगी।

## पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से जलभराव

**प्रयागराज।** प्रयागराज -रायबरेली मार्ग पर स्थित पुलिस बूथ तिराहा के पास निर्माण कार्यदायी संस्था की लापरवाही आम लोगों पर भारी पड़ रही है। जहीदपुर मोड़ पर जल निगम की अंडरग्राउंड पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है।

वहीं क्षेत्र के कई गांवों की पेयजल आपूर्ति भी ठप हो गई है।ग्रामीण डा. रामापति त्रिपाठी, अवधोश कुमार साहू, पंकज पटेल, शिव लाल गुप्ता, पवन कुमार, अदनान फारूकी और मोहम्मद खालिद आदि ने बताया कि राजमार्ग पर सड़क निर्माण का कार्य चल रहा था। जेसीबी मशीनों से खोदाई होने से जल निगम की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। जहीदपुर मोड़ पर पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे राहगीरों व दुकानदारों को असुविधाा का सामना करना पड़ रहा है। वहीं पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से कमालापुर, बांधापुर, पियरी समेत कई गांव में पेयजल आपूर्ति ठप हो गई है। लोगों का आरोप है कि जल निगम और सड़क निर्माण करा रही संस्था के बीच समन्वय की कमी का खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

# पासी की जयंती पूर्व निकाली बाइक रैली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बांगरमऊ।** क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने बुधवार को नगर के पटेल चौराहा से चक्रवर्ती अवध सम्राट महाराजा सातन पासी की जयंती के उपलक्ष्य में एक दिन पूर्व बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।बाइक रैली रवाना करते समय विधायक श्री कटियार ने बताया कि कल गुरुवार को महाराजा सातन पासी के किले सातन कोट पर विशाल मेला आयोजित किया जा रहा है। मेले के जन जागरण हेतु यह बाइक रैली आयोजित की गई है। रैली समाज के लोगों को जोड़ने और उनकी विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का काम करेगी।उन्होंने यह भी बताया कि सातन पासी एक लो. कनायक और वीर शासक थे। वे अपनी वीरता व नेतृत्व तथा न्यायप्रियता के लिए प्रसिद्ध थे। उन्होंने किले पर महाराजा सातन पासी की प्रतिमा जल्द स्थापित कराए जाने की भी घोषणा की। नगर की विभिन्न समितियों के पदाधिक. ारियों और कर्मचारियों ने बाइक रैली में शामिल लोगों का अभिनंदन किया। इस मौके पर सुरेन्द्र वर्मा,चंद्र मोहन, राम किशोर उर्फ नंदा, देवकीनंदन, गोपाल रावत, जगदीश रावत व होरीलाल वर्मा आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना

| निविदा सं० | खुलने की तिथि | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | वेबसाइट |
|---|---|---|---|---|
| 96256651A | 20.04.2026 | सप्लाई, इंस्टालेशन, कमीशनिंग एंड परीक्षण आफ स्नक्रोनाईजड ईलेक्ट्रीकली ओपरेटेड स्क्रू जैक | 02 नं. | www.ireps.gov.in |

पत्रांक–Sr.DMM/NR/TENDER/AT/LKO/25-26 दिनांक:-01.04.2026 1087/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**सूचना**

प्रयागराज ( इलाहाबाद ) में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-

**अश्वनी कुमार श्रीवास्तव**

( प्रयागराज जोन प्रभारी/जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ )
मो. 9415351850
कार्यालय पता:- 99 ए/1, अशोक नगर ( नवादा ), प्रयागराज
email-shahtimesprayagrajjashwani@gmail.com

# नहाने गए युवक की नदी में डूबकर मौत

- नामकरण की खुशियां मातम में बदलीं
- दोस्तों के साथ नदी में उतरा था युवक
- गहराई में जाने से हादसा परिवार में मचा कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**क्योलड़िया।** थाना क्षेत्र के गांव अमीन नगर में आयोजित नामकरण संस्कार का कार्यक्रम उस समय मातम में बदल गया, जब कार्यक्रम में शामिल होने आए एक युवक की देवाह नदी में डूबकर मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिवार में को. हराम मच गया।

जानकारी के अनुसार संजय नगर, बरेली निवासी चार दोस्त नामकरण संस्कार में शामिल होने गांव अमीन नगर पहुंचे थे। इनमें रवि कुमार यादव (20) पुत्र रमेश यादव, अपने सगे भाई मोनू यादव, सोनू शर्मा पुत्र सुनील शर्मा और शिवम पुत्र बलवीर के साथ कार्यक्रम में शामिल होने आया था। बताया जाता है कि भीषण गर्मी के चलते सभी युवक पास ही बह रही देवाह नदी में नहाने चले गए। इसी दौरान रवि कुमार यादव जैसे ही नदी में उतरा, वह गहरे पानी में चला गया और तैरना न आने के कारण डूबने लगा।

देखते ही देखते वह नदी की गहराई में समा गया। साथ मौजूद दोस्तों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। घटना से घबराए साथियों ने तत्काल ग्रामीणों को सूचना दी, जिसके बाद क्षेत्रीय गोताखोरों को बुलाया गया। पीलीभीत से आए गोताखोर अमित कुमार, इंद्रपाल और रोहित कुमार ने काफी मशक्कत के बाद नदी में डूबे युवक को बाहर निकाला। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। परिजन आनन-फानन में युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की असामयिक मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जिस घर में नामकरण संस्कार की खुशियां मनाई जा रही थीं, वहां कुछ ही पलों में मातम छा गया।

# गेहूं के खेत में मिला बुजुर्ग महिला का क्षत-विक्षत शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**क्योलाड़िया।** थाना क्षेत्र के बरनाई केशोपुर गांव में बुधवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब एक बुजुर्ग महिला का शव गेहूं के खेत में क्षत-विक्षत अवस्था में बरामद हुआ। मृतका पिछले छह दिनों से लापता थी। शव को जंगली जानवरों द्वारा नोचे जाने की आशंका जताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी 75 वर्षीय शांति देवी 26 मार्च को अचानक घर से लापता हो गई थीं। काफी तलाश के बाद भी जब उनका कोई सुराग नहीं मिला तो उनके बेटे वीरेंद्र ने 27 मार्च को थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बुधवार, 1 अप्रैल को वीरेंद्र अपने गेहूं के खेत पर फसल देखने पहुंचे, जहां उन्हें अपनी मां का शव पड़ा मिला। शव की हालत बेहद खराब थी और उसे जंगली जानवरों द्वारा बुरी तरह नोचा गया था। यह दृश्य देख परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शव की पहचान कपड़ों और चप्पलों के आधार पर परिजनों ने की।

मृतका के बेटे के अनुसार, जिस खेत में शव मिला वह उनका ही है और उनकी मां की मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं रहती थी, जिसके चलते वह पहले भी कई बार भटक कर खेतों में चली जाती थीं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए फील्ड यूनिट को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से आवश्यक सैंपल एकत्र कर जांच के लिए भेजे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### स्कूल चलो अभियान' के तहत निकाली रैली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** बीआरसी मीरगंज के तत्वावधान में बुधवार को ग्राम चुरई दलपतपुर में 'स्कूल चलो अभियान' के अंतर्गत जागरूकता रैली एवं कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रैली में शामिल शिक्षकों और बच्चों ने गांव में भ्रमण कर अभिभावकों से अपने बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन विद्यालयों में कराने का आह्वान किया। रैली का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण गंगवार एवं खंड शिक्षा अधिकारी अवनीश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया। बीआरसी से शुरू हुई रैली गांव में जनसंवाद के रूप में परिवर्तित हो गई, जहां लोगों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। नए सत्र के पहले ही दिन किताबें मिलने से बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। साथ ही अभिभावकों से अपने बच्चों का विद्यालयों में पूर्ण नामांकन सुनिश्चित करने की अपील की गई।कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण गंगवार, खंड शिक्षा अधिकारी अवनीश कुमार, एआरपी पूनम गंगवार, सचिन मुरारी शर्मा, अरविंद गंगवार एवं इंचार्ज अध्यापक राजेश कुमार मिश्रा सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं, शिक्षा मित्र, अनुदेशक और बड़ी संख्या में अभिभावक व ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रोहिताश कुमार गंगवार ने किया।

### कटान से जूझ रहे हैदरगंज को मिली राहत, 228 लाख की सुरक्षा योजना शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मीरगंज।** बैहगुल नदी के लगातार कटान से प्रभावित हैदरगंज गांव के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। गांव को बाढ़ और कटान से सुरक्षित करने के लिए 228.27 लाख रुपये की लागत से सुरक्षा परियोजना का शुभारंभ कर दिया गया है।

विधायक डॉ. डीसी वर्मा ने जुन्हाई के मजरा हैदरगंज पहुंचकर विधिवत हवन-पूजन और नारियल फोड़कर कार्य की शुरुआत कराई। यह परियोजना खासतौर पर उन क्षेत्रों के लिए अहम मानी जा रही है, जहां हर वर्ष नदी के कटान से जमीन और आबादी पर खतरा मंडराता रहता है।योजना के तहत गांव के पूर्वी छोर पर करीब 400 मीटर तक पत्थरों से मजबूत सुरक्षा कवच तैयार किया जाएगा, जिससे नदी के बहाव को नियंत्रित कर कटान को रोका जा सके। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस कार्य के पूरा होने से गांव को लंबे समय से चली आ रही समस्या से राहत मिलेगी।कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने परियोजना को क्षेत्र के लिए जरूरी बताते हुए प्रशासन का आभार जताया। इस मौके पर प्रधान देवकी देवी, त्रिलोकी नाथ, दीनानाथ, शिवम शर्मा, रोहित शर्मा, नरेंद्र पाल, वेदपाल सिंह, छोटेलाल गंगवार, संजय चौहान और राकेश वर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे।

# परिणाम दिखाओ वरना कार्रवाई झेलो

## डीआईजी का पुलिस अधिकारियों को अल्टीमेटम

- समीक्षा बैठक में अफसरों को चेतावनी
- लापरवाही पर गिरेगी गाज, हर केस में चाहिए रिजल्ट



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बरेली परिक्षेत्र में अपराध और कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस महकमे को कड़ी चेतावनी देते हुए पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) अजय कुमार साहनी ने स्पष्ट कहा है कि अपराध नियंत्रण में लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बुधवार को परिक्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित मासिक समीक्षा बैठक में उन्होंने चारों जनपदों के पुलिस अधिकारियों को सीधे शब्दों में चेताया कि परिणाम नहीं दिखे तो जवाबदेही तय करते हुए सख्त कार्रवाई की जाएगी।

डीआईजी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकताओं के अनुरूप अपराधों की समीक्षा करते हुए साफ निर्देश दिए कि लंबित मामलों को तुरंत निपटाया जाए और अपराधियों के खिलाफ बिना ढिलाई के कार्रवाई की जाए। समीक्षा के दौरान हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार, दहेज हत्या, पॉक्सो एक्ट, अपहरण, गौकशी, धर्मांतरण और साम्प्रदायिक तनाव जैसे संवेदनशील मामलों पर कड़ा रुख अपनाते हुए डीआईजी ने कहा कि ऐसे अपराधों में जरा भी शिथिलता मिली तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई तय मानी जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि हर मामले में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई दिखनी चाहिए। माफियाओं और अपराधियों के खिलाफ चल रही कार्रवाई की समीक्षा करते हुए डीआईजी ने निर्देश दिए कि गैंगस्टर, निरोधात्मक कार्यवाही और एसआर केसों में तेजी लाई जाए। लंबित विवेचनाओं को लेकर भी उन्होंने नाराजगी जताई और इन्हें तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दिए।

ऑपरेशन कन्विक्शन, ऑपरेशन क्लीन और ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत चल रहे अभियानों की समीक्षा में डीआईजी ने कहा कि केवल कागजी कार्रवाई नहीं, बल्कि जमीन पर परिणाम दिखने चाहिए। अपराधियों को सजा दिलाने की प्रक्रिया तेज करने पर विशेष जोर दिया गया।

मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत नारी सुरक्षा को लेकर भी उन्होंने सख्त रुख अपनाया। महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी देते हुए महिला बीट प्रणाली को मजबूत करने और मिशन शक्ति केंद्रों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। साइबर अपराधों को लेकर डीआईजी ने साइबर हेल्प डेस्क को और सक्रिय बनाने को कहा और चेताया कि साइबर मामलों में ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही आईजीआरएस, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और अन्य शिकायतों के निस्तारण में देरी पर भी नाराजगी जताते हुए समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक के अंत में डीआईजी ने साफ शब्दों में कहा कि सभी जनपदों में कानून व्यवस्था और यातायात व्यवस्था हर हाल में दुरुस्त रहनी चाहिए। इसमें लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ, पुलिस अधीक्षक पीलीभीत एवं पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर मौजूद रहे।

### अपराध में ढिलाई पर तय होगी जिम्मेदारी

डीआईजी ने हत्या, लूट, दुष्कर्म जैसे गंभीर मामलों में लापरवाही पर सीधे कार्रवाई की चेतावनी देते हुए कहा कि हर केस में परिणाम दिखना जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर ढिलाई मिलने पर संबंधित अधिकारी जिम्मेदार माने जाएंगे। अपराधों के त्वरित खुलासे और अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही लंबित विवेचनाओं को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल निस्तारित करने को कहा गया, ताकि पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके।

### शिकायतों में देरी और साइबर मामलों में ढिलाई नहीं चलेगी

हेल्पलाइन, आईजीआरएस और साइबर अपराधों के निस्तारण में देरी पर सख्त रुख अपनाते हुए समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। डीआईजी ने कहा कि जनता की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। साइबर हेल्प डेस्क को और सक्रिय बनाते हुए प्रत्येक शिकायत पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखी जाए, जिससे आमजन का भरोसा मजबूत हो।

### बिचपुरी प्राथमिक विद्यालय का वार्षिक उत्सव बना प्रेरणा का मंच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बिथरी चैनपुर विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय बिचपुरी में बुधवार को आयोजित वार्षिक उत्सव ने महज एक सांस्कृतिक कार्यक्रम से आगे बढ़कर शिक्षा के जनजागरण का रूप ले लिया। स्कूल चलो अभियान के साथ जोड़े गए इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि शिक्षा केवल विद्यालय की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की साझी भागीदारी से ही सशक्त बनती है।



कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व एडी बेसिक शशि देवी शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद बच्चों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना दिया। ग्रामीण परिवेश के इन बच्चों की आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को प्रभावित करते हुए उनकी छिपी प्रतिभा को उजागर किया। इस अवसर पर नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत कर उन्हें पुरस्कार और पुस्तकें वितरित की गईं, जिससे उनके भीतर शिक्षा के प्रति उत्साह का संचार हुआ। वहीं, विद्यालय द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली ने आसपास के क्षेत्रों में नामांकन बढ़ाने का संदेश भी प्रभावी ढंग से पहुंचाया। खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि प्राथमिक शिक्षा किसी भी बच्चे के भविष्य की नींव होती है और इस दिशा में ऐसे आयोजन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यालय स्टाफ की सराहना करते हुए इसे एक अनुकरणीय पहल बताया। कार्यक्रम में पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी डी.एल. गुप्ता, नवोदय विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य वी.डी. राय, एआरपी सौरभ शुक्ला, विनीत शुक्ला, केसी पटेल (मांडलिक मंत्री), ऋषिपाल सिंह, देवेंद्र सिंह, सुधीर मिश्रा, किरण, रंजीता, कल्पना, सुरभि, पूजा कुमारी सहित अनेक गणमान्य नागरिकों और अभिभावकों की उपस्थिति ने आयोजन को और गरिमा प्रदान की।

कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापिका हिमांशु शर्मा ने प्रभावी ढंग से किया, जिसकी प्रशंसा स्वयं खंड शिक्षा अधिकारी ने भी की। यह आयोजन न केवल बच्चों के लिए मंच बना, बल्कि समाज को यह संदेश भी दे गया कि शिक्षा के प्रति जागरूकता और सहभागिता से ही एक सशक्त भविष्य की नींव रखी जा सकती है।

# बहेड़ी की हुमा ने यूपी पीसीएस की परीक्षा पास कर प्राप्त की बड़ी सफलता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कठिन परिश्रम के साथ मेहनत करने का जज्बा हो तो कोई काम मुश्किल नहीं है, इसको हुमा परवीन ने साबित करके दिखा दिया है। अपनी शादी शुदा जीवन में दो बच्चों की देखभाल के साथ प्राइवेट कंपनी में जॉब के साथ यूपी पीसीएस की तैयारी भी की और पहले ही प्रयास में बड़ी सफलता हासिल करके सबको चौंका दिया है। यूपी में चौथी रैंक पाने वाली हुमा परवीन को एआरटीओ के पद पर तैनाती मिलेगी।

- एआरटीओ के पद पर होगी तैनाती

हुमा परवीन ग्राम परेवा तहसील बहेड़ी निवासी डॉक्टर अब्दुल सईद की पुत्र वधू हैं। हुमा परवीन के पति भी फरीदाबाद साथी एक प्राइवेट कम्पनी में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। हुमा परवीन हरियाणा की एक मल्टीनेशनल कंपनी में महत्वपूर्ण पद पर तैनात हैं, साथ ही अपनी दो बेटियों की देखभाल भी करती हैं। इसके बावजूद भी हुमा परवीन ने कुछ बड़ा करने की ठान ली, और यूपी पीसीएस परीक्षा की तैयारी भी जारी रखी, और बड़ी सफलता भी हासिल कर ली। हालांकि हुमा परवीन को अपनी काबिलियत पर पूरा भरोसा है, वह प्रशासनिक पद पाने के लिए फिर तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि एआरटीओ के पद पर तैनाती लेने के बाद भी हुमा परवीन अपनी तैयारी जारी रखेंगी। प्रशासनिक पद हासिल करना उनका सपना है, इस सपने को साकार करके ही दम लेंगी। हुमा परवीन की इस बड़ी सफलता पर परिवार के लोग बेहद खुश हैं। साथ ही परेवा गांव में जश्न का माहौल है।

# मंडी में लगे एक दर्जन गेंहू क्रय केंद्रों का एसडीएम ने किया निरीक्षण, सूने मिले केन्द्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र की उपमंडी परिसर में लगे 12 गेहूं क्रय केंद्रों का बुधवार को एसडीएम उदित पवार ने औचक निरीक्षण किया। केन्द्र पर उन्हें कोई किसान नहीं मिला, वहीं उन्होंन किसानों को किसी तरह की असुविधा नहीं होने देने के निर्देश एसएमआई को दिए। अभी तक एक भी दाना गेहूं का नहीं तुल सका है।

सरकार के निर्देशों पर जिला प्रशासन ने क्षेत्र के किसानों के लिए 14 गेहूं क्रय केंद्र खोले हैं। वरिष्ठ विपरण अधिकारी अरविन्द कुमार राठी ने बताया कि रिछोला किफायतुल्ला स्थित उपमंडी स्थल पर 12 केंद्र खोले गए हैं, जबकि एक केंद्र ग्राम सुन्दरी में खोला गया है। इसके साथ ही एक यूपीएसएस का मोबाइल केन्द्र भी मंजूर किया गया है, जो किसान की सूचना पर गांव-गांव जाकर उनका गेहूं खरीदेगी। दोपहर के समय मंडी पहुंचे एसडीएम उदित पवार ने खोले गए गेहूं क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया, उन्होंने वरिष्ठ विपरण अधिकारी अरविन्द कुमार राठी को जहां किसानों को परेशान न किए जाने की हिदायत दी, वहीं उन्होंने किसानों से गेहूं तुलवाने से पहले अपना पंजीकरण कराए जाने की भी अपील की। एसएमआई श्री राठी ने एसडीएम उदित पवार को बताया कि अभी मौसम में नमी है, जिसकी वजह से गेहूं नहीं कट पाया है। 5 अप्रेल तक सेंटरों में गेहूं की आवक शुरू होने की उम्मीद है। एसडीएम को केंद्र पर सभी व्यवस्थाएं पूर्ण मिली। इस दौरान केन्द्र प्रभारियों रेनू रानी, उमेश गंगवार, अरुण गंगवार, अनिल कुमार, चंद्र प्रकाश पाण्डे, भोलानाथ, शिवबहादुर आदि मौजूद रहे।

वरिष्ठ विपरण अधिकारी अरविन्द कुमार राठी ने बताया कि 15 जून तक गेहूं की खरीद की जाएगी, सरकार ने गेहूं का मूल्य 2585 निर्धारित किया है।

### घरेलू गैस की कालाबाजारी पर प्रशासन सख्त



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित टीम ने घरेलू गैस की कालाबा. जारी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सुभाषनगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला नेकपुर गल्ला मंडी स्थित एक परचून की दुकान पर छापा मारकर अवैध गैस रिफिलिंग का भंडाफोड़ किया है।

**परचून की दुकान पर छापा, उपकरण व सिलेंडर बरामद**

जिला पूर्ति अधिकारी को मुखबिर खास से मिली सूचना के आधार पर 1 अप्रैल 2026 को क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी (पश्चिमी क्षेत्र) पंकज कुमार, पूर्ति निरीक्षक प्रदीप सिंह तथा पूर्ति लिपिक सुनील कुमार की टीम ने मनोज शर्मा पुत्र स्व. सत्यपाल शर्मा की दुकान पर छापेमारी की। छापे के दौरान दुकान के अंदर से 5 घरेलू गैस सिलेंडर (14.2 किग्रा), एक रिफिलिंग मशीन, लगभग सवा मीटर प्लास्टिक पाइप रेगुलेटर सहित तथा 30 किग्रा क्षमता का कांटा बरामद किया गया। जांच के दौरान मनोज शर्मा ने स्वीकार किया कि वह परचून की दुकान पर ही गैस रिफिलिंग का कार्य करता है। मौके पर बरामद सिलेंडरों के संबंध में कोई वैध अभिलेख प्रस्तुत न कर पाने पर टीम ने सभी सामान को कब्जे में ले लिया। इसके बाद जिलाधिकारी की अनुमति से आरोपी के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शासन की मंशा के अनुरूप घरेलू गैस की कालाबाजारी में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इसके लिए गठित टीमों को सक्रिय रहते हुए लगातार छापेमारी करने और दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# फ्री मोतियाबिंद ऑपरेशन कैंप का सफल आयोजन

- 146 मरीजों की जांच, 26 का होगा नि:शुल्क ऑपरेशन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एमएम लॉन में खिदमत ए इंसानियत और जीडब्ल्यूएस के संयुक्त तत्वावधान में आंखों के मरीजों के लिए फ्री मोतियाबिंद ऑपरेशन कैंप का सफल आयोजन किया गया। कैंप में बड़ी संख्या में जरूरतमंद मरीजों ने पहुंचकर अपनी आंखों की जांच कराई। यह आयोजन समाज सेवा और मानवता की एक मिसाल बनकर सामने आया।

कैंप के दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने कुल 146 मरीजों की आंखों की जांच की, और सभी को नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गईं। जांच के बाद 26 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। चयनित मरीजों का ऑपरेशन 2 अप्रैल 2026 को एसआरएमएस हॉस्पिटल में पूरी तरह निशुल्क किया जाएगा, जिससे गरीब और जरूरतमंद लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसआरएमएस हॉस्पिटल के डायरेक्टर आदित्य मूर्ति मौजूद रहे। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य कैंप समाज के कमजोर वर्ग के लिए बेहद लाभकारी होते हैं, और इससे लोगों को समय पर इलाज मिल पाता है। इस मौके पर खिदमत ए इंसानियत के अध्यक्ष शादाब खान, जीडब्ल्यूएस के अध्यक्ष मीर सैयद अफजल, शाहरुख रजा, शादाब कादरी, इरशाद मुनीम, डॉ. नफीस, डॉ. शाहिदा बी, डॉ. जिशान सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने मिलकर कैंप को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह कैंप केवल एक स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम नहीं, बल्कि इंसानियत, सहयोग और समाज सेवा का प्रेरणादायक उदाहरण भी बना। इस आयोजन ने जरूरतमंद लोगों के जीवन में नई रोशनी लाने का कार्य किया और समाज में सेवा भाव का संदेश दिया।

# अवैध हथियार के साथ आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई।

पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अवैध हथियार के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग कट से रूकमपुर जाने वाले पुराने रास्ते पर मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। जहां से पुलिस ने नसीम खां उर्फ बब्लू,उम्र करीब 40 वर्ष, निवासी ग्राम रूकमपुर को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक नाजायज 12 बोर पोनिया और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ धारा आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह बताया कि इस तरह के आरोपियों पर पुलिस की कार्रवाई जारी रहेगी। थाना क्षेत्र में किसी भी अपराधी को बख्शा नही जाएगा।आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। आरोपी को पकड़ने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक पंकज कुमार, हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार, कांस्टेबल लेखपाल शामिल रहे।



# मत्स्य विभाग ने पुलिस के सहयोग से पकड़ी प्रतिबंधित मछली मैगुर ,तस्कर फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** बुधवार को नेशनल हाइवे पर वहगुल नदी के पुल के पास बरेली मंडल उप निदेशक गायत्री पांडेय की अगुवाई में पुलिस के सहयोग से मत्स्य टीम ने प्रतिबंधित मैगूर मछली लदा ट्रक पकड़ा है।यह पश्चिमी बंगाल से हरियाणा ले जाई जा रही थी।ट्रक चालक फरार हो गया।सूचना पर नायब तहसीलदार भी पहुंच गए।मत्स्य विभाग की टीम ने मछली का सैंपल लैब भेजा है।

बरेली मंडल की उप निदेशक गायत्री पांडेय ने बताया उनको सूचना मिली प्रतिबंधित मैगूर मछली को ट्रक के द्वारा पश्चिमी बंगाल से हरियाणा के लिए ले जाया जा रहा है।सूचना पर भरोसा करके मत्स्य टीम ने स्थानीय थाना पुलिस के सहयोग से पीछा किया तो तस्कर और चालक ट्रक को हाइवे के बैगुल नदी पुल के पास खड़ा करके भाग गए।

ट्रक की तलाशी लेने पर उसमें से करीब20 से 25 कुंतल मछली बरामद की गई।जिसकी अनुमानित कीमत करीब 12 लाख है।सूचना पर एसडीएम आलोक कुमार के निर्देश पर तहसील दार अरविंद कुमार भी पहुंच गए।

टीम ने मछली का सैंपल लेकर जांच के लिए लखनऊ लैब के लिए भेजा है। ट्रक थाना पर खड़ा कर दिया गया है। अभी रिपोर्ट नहीं लिखी है।थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह ने बताया लैब से जांच रिपोर्ट आने के बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# शिक्षा अभियान के तहत वितरित की पुस्तकें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नवाबगंज ब्लॉक शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र पर छात्र-छात्राओं को समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत पुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक नवाबगंज डॉक्टर एमपी आर्य और विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार ने छात्रों को पुस्तकों का वितरण किया।

कार्यक्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी सत्यदेव, भाजपा नेता देवेश देवल, भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री नीतीश उपाध्याय, शिक्षकों कुंवर सिंह, सौरभ कटियार, कमल गंग. वार, राजेंद्र गंगवार, गजेंद्र गंगवार के साथ ही बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भाग लिया।

# पुलिस प्रताड़ना से क्षुब्ध अधेड़ ने जहर खाकर जान दी

## दुष्कर्म के फर्जी मामले में एक लाख 35 हजार रूपये रिश्वत लेकर भी खाकी कर रही थी प्रताड़ित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ढवारसी।** रहरा थाना क्षेत्र के गांव पौरारा मुस्तकम में एक 55 वर्षीय युवक ने जहर खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। उसकी मौत ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। युवक ने चार दिन पूर्व गंगा तटबंध किनारे अपने खेत पर जाकर कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराए थे, जहां बुधवार तड़के उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृतक की पहचान गांव निवासी पिंटू त्यागी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि कीटनाशक सेवन से पहले उसने अपने मोबाइल फोन से एक वीडियो भी बनाया था और उसे किसी रिश्तेदार को भेजा था। हालांकि इस वीडियो की अभी तक पुलिस अधिकारियों द्वारा आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। इस पूरे घटनाक्रम के पीछे एक पुराना विवाद भी जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। करीब 15 दिन पहले गांव निवासी पूर्व प्रधान की विधवा पत्नी रूपवती ने पिंटू त्यागी और उसके साथी रामदास के खिलाफ दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक अमरोहा को प्रार्थना पत्र दिया था। शिकायत के आधार पर रहरा पुलिस ने दोनों आरोपियों को



हिरासत में लेकर करीब 36 घंटे तक हवालात में रखा। ग्रामीणों और सूत्रों के अनुसार, बाद में पुलिस और बिचौलियों की भूमिका के चलते मामले में समझौता करा दिया गया। आरोप है कि समझौते के नाम पर

**■ अवैध हिरासत में रखने पर एसपी ने एसओ रहरा को किया था निलम्बित**

आरोपियों से मोटी रकम वसूली गई। इसी दौरान एक बिचौलिए द्वारा आरोपियों पर महिला पक्ष और पुलिस के नाम पर एक-एक लाख रुपये देने का दबाव बनाने का मामला भी सामने आया। बताया जाता है कि इस संबंध में एक ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी, जिसमें पैसों की मांग की बात सामने आई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने जांच बैठा दी थी। पहले यह जांच सीओ ट्रैफिक शक्ति सिंह को सौंपी गई, लेकिन मामला अनुसूचित जाति/जनजाति से जुड़ा होने के कारण बाद में जांच सीओ हसनपुर पंकज त्यागी को स्थानांतरित कर दी गई। जांच के दौरान प्रथम दृष्टया थाना प्रभारी रहरा बृजेश कुमार की भूमिका संदिग्ध पाई गई, जिसके आधार पर उन्हें करीब एक सप्ताह पूर्व निलंबित कर दिया गया था। यह कार्रवाई पूरे मामले को और अधिक संवेदनशील बना गई। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि हिरासत से छूटने के लिए पिंटू त्यागी ने पुलिस और बिचौलियों को मोटी रकम दी थी, जिसके चलते वह पिछले कई दिनों से मानसिक तनाव में था। बताया जाता है कि घटना वाले दिन उसने पहले शराब का सेवन किया और फिर अपने खेत पर जाकर कीटनाशक पी लिया। घटना की जानकारी होने पर परिजन उसे गंभीर हालत में मेरठ के निजी अस्पताल ले गए, जहां चार दिन तक चले उपचार के बाद बुधवार तड़के उसने दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरे प्रकरण की गहन जांच की जा रही है और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# वाहन की टक्कर से फर्नीचर कारोबारी की मौत

## हादसे में बेटा घायल, परिजनों में मचा कोहराम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नौगावां सादात क्षेत्र में मंगलवार रात भेड़ा भरतपुर अड्डे के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार 55 वर्षीय फर्नीचर कारोबारी यशवंत सिंह की मौत हो गई जबकि इस हादसे में उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजते हुए हादसे की जांच-पड़ताल की, बाद में शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसा सीसीटीवी में कैद हो गया, फुटेज के आधार पर पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

मृतक यशवंत सिंह मूलरूप से क्षेत्र के गांव गालिबबाड़ा निवासी थे तथा वर्तमान में अमरोहा शहर के मोहल्ला इस्लाम नगर में रहते थे। शहर में ही धनौरा मार्ग पर उनकी फर्नीचर की दुकान है। परिवार में पत्नी शशि देवी के अलावा एक बेटा हितेश तथा एक बेटी रिया है। परि. जनों के मुताबिक मंगलवार देर रात यशवंत सिंह बेटे हितेश के साथ बाइक पर सवार होकर गांव गालिबबाड़ा से अमरोहा शहर स्थित घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक भेड़ा भरतपुर में अड्डे के पास पहुंची उसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर घायल हुए यशवंत सिंह और हितेश काफी देर घटनास्थल पर तड़पते रहे। किसी राहगीर ने उन्हें घायल हालत में देख सूचना डायल 112 कंट्रोल रूम को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंची, एंबुलेंस से घायलों को जिला अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सकों ने यशवंत सिंह को मृत घोषित कर दिया। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मामले में मृतक के बेटे हितेश की तहरीर पर अज्ञात वाहन के चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। हादसे से जुड़ा एक सीसी फुटेज भी मिला है। आरोपी चालक को जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मकान निर्माण को लेकर दो पक्षों में फायरिंग

## नकदी छीनने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** घर निर्माण को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। एक पक्ष पर मारपीट के दौरान फायरिंग करने का भी आरोप है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कस्बे के मोहल्ला चौकीदारान निवासी मोनिस पाशा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शांतिपूर्ण तरीके से अपने घर का निर्माण करा रहा था। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले शाहिद आलम, शाहजेब आलम, आसिफ, नजीर आलम, तहजीब पत्नी शाह आलम तथा माविया पुत्री शाह आलम सहित एक अज्ञात व्यक्ति ने निर्माण कार्य का विरोध करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़ित के अनुसार 25 फरवरी की शाम करीब 5:30 बजे आरोपियों ने उसके घर पहुंचकर मारपीट की और जमीन पर गिराकर जान से मारने की नीयत से हमला किया। इस दौरान उसके गले से सोने की चेन और जेब से 5200 रुपये भी छीनने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित का कहना है कि बीच-बचाव करने आए उसके भाई को भी धमकाया गया। तहरीर में यह भी आरोप है कि शाहजेब आलम ने तमंचा निकालकर फायर कर दिया, जिससे वह बाल-बाल बच गया। घटना के बाद मौके पर भीड़ जुटने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि पहले भी शिकायत की गई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र बलियान ने बताया कि मामले में नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# शिक्षा की अलख जगाने को निकाली रैली

## डीएम व शिक्षक विधायक ने दिखाई हरी झंडी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जनपद में शिक्षा की अलख जगाने के उद्देश्य से बुधवार को 'स्कूल चलो अभियान' के तहत रैली का आयोजन किया गया। गांधी मूर्ति चौराहे से शुरू हुई इस रैली को शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो व डीएम निधि गुप्ता वत्स ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने "एक भी बच्चा छूटा, संकल्प हमारा टूटा" जैसे प्रेरक नारों के माध्यम से लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। यह जागरूकता यात्रा गांधी मूर्ति चौराहे से आजाद रोड, कोट चौराहा, आईएम इंटर कॉलेज चौराहा और अंबेडकर चौक से होते हुए जे.एस. हिन्दू इंटर कॉलेज पर संपन्न हुई। इस दौरान जिला प्रशासन के अधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारी भी बच्चों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते नजर आए। जिलाधिकारी



निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि अभियान का मुख्य लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि जनपद में चरणबद्ध तरीके से आंगनबाड़ी से प्राथमिक, प्राथमिक से जूनियर और जूनियर से माध्यमिक विद्यालयों में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## एक नजर

### शादी में जा रहे युवक को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** घटना कोतवाली डिडौली क्षेत्र के गांव पायती कला की बुधवार की दोपहर 1-30 बजे थाना क्षेत्र के औरंगाबाद निवासी नासिर अली पुत्र जाकिर हुसैन अपनी कार से एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही कार सवार नासिर कोतवाली डिडौली क्षेत्र के गांव पायती कला के पास पहुंचे तो पायती कला निवासी चार लोगों ने कार रोक कर गाली गलौज करने लगे नासिर ने गाली देने से मना किया तो लाठी डंडे से मारपीट करने लगे। नासिर ने शोर मचाया तो वह जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। नासिर गम्भीर रूप से घायल हो गए। नासिर ने पायती कला निवासी चार युवकों के खिलाफ तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह बलियान ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है। जांच कराकर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पुरानी रंजिश में तलवार से हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के गांव शेरपुर में मंगलवार रात पुरानी रंजिश के चलते युवक पर तलवार से जानलेवा हमला कर दिया गया। हमले में युवक का हाथ कटकर लटक गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परि. जनों ने उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। गांव निवासी नसीम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रात करीब नौ बजे उसका भाई वहीक घर के पास टहल रहा था। इसी दौरान पड़ोसी फरहान, इरशाद, फराना और एक अन्य व्यक्ति से कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर फरहान घर से तलवार ले आया और वहीक पर हमला कर दिया।शोर सुनकर पहुंचे परिजनों और ग्रामीणों पर भी आरोपियों ने पथराव किया और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। परिजनों ने बताया कि दोनों पक्षों में पुरानी रंजिश चली आ रही है।

### थार की टक्कर से पिता-पुत्र घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** स्कूटी पर आ रहे पिता पुत्र को थार ने पीछे से टक्कर मारकर बुरी तरह से घायल कर दिया। पिता पुत्र को हॉयर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है। रहरा थाना क्षेत्र के गांव जेबडा गुर्जर निवासी धर्मपाल पुत्र जबर सिंह अपने बेटे बीनू के साथ स्कूटी पर सवार होकर गांव से हसनपुर को आ रहा था। अलीगढ़ मार्ग पर थार ने स्कूटी में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे पिता पुत्र सड़क पर गिरकर बुरी तरह से घायल हो गये। राहगीरों की सहायता से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन दोनों की हालत चिंताजनक होने पर चिकित्सको ने उन्हें हॉयर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

# अवैध ईट भट्टों के जेसीबी से ढहाये ढांचे

## बिना एनओसी व रॉयल्टी चल रहे भट्टों पर कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** शासन के निर्देश पर चल रहे प्रदूषण नियंत्रण और अवैध खनन विरोधी अभियान के तहत मंगलवार को प्रशासन ने क्षेत्र के सुजमना और सेलपुरा गांव में अवैध ईंट भट्ठों पर बड़ी कार्रवाई की। नायब तहसीलदार योगेश कुमार और प्रदूषण अधिकारी रंजीत कुमार के नेतृत्व में पहुंची संयुक्त टीम ने कई भट्ठों पर छापेमारी कर बिना एनओसी और रॉयल्टी चल रहे भट्ठों के ढांचे जेसीबी से ढहा दिए। जांच में पाया गया कि कई ईंट भट्ठे प्रदूषण विभाग की एनओसी और रॉयल्टी जमा किए बिना ही चलाए जा रहे थे। मौके पर एक



भट्ठा धधकता मिला, जबकि दूसरा आग लगाने की तैयारी में था। दो अन्य भट्ठे बंद मिले। प्रशासन की टीम अपने साथ फायर ब्रिगेड और जेसीबी मशीन भी लेकर पहुंची थी। जिन भट्ठों के कागज पूरे नहीं मिले, उनकी आग को फायर ब्रिगेड से तुरंत बुझवाया गया। इसके बाद जेस. ीबी से ईंट पकाने वाले ढांचों को आंशिक रूप से तोड़ दिया गया, ताकि दोबारा तुरंत संचालन न हो सके। नायब तहसीलदार योगेश कुमार ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। पर्यावरण मानकों की अनदेखी करने पर आगे भी इसी तरह कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन की इस अचानक कार्रवाई से क्षेत्र के अवैध ईंट भट्ठा संचालकों में हड़कंप मचा रहा। अधिकारियों ने साफ चेतावनी दी कि दोबारा बिना अनुमति संचालन मिला तो और सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी प्रेमिका

## प्रेमी से शादी नहीं हुई तो दू दूंगी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** जान दे दूंगी लेकिन प्रेमी के साथ ही शादी करूंगी। प्रेमी के अलावा किसी अन्य के साथ रहना कतई मंजूर नहीं है।

कोतवाली क्षेत्र के हल्का नंबर चार की एक इंटर पास छात्रा रात करीब 4 बजे सारे रिश्ते नातो को तोड़कर पड़ोसी गांव में रहने वाले प्रेमी युवक के घर पहुंच गई। प्रेमी पक्ष के लोगों ने जब युवती को घर देखा तो उन्होंने उससे पूछताछ करनी शुरू कर दी। बताया जाता है कि युवक युवती दोनों एक ही कॉलेज में पढ़ते थे। करीब 4 साल से उनके बीच प्रेम का बीज पनप रहा था। युवती को इंटर पास बताया जा रहा है। प्रेमी पक्ष के लोग युवती को लेकर कोतवाली पहुंच गये। कोतवाली में युवती प्रेमी संग रहने की जिद पर अड़ गई। सूचना मिलने पर युवती के परिजन भी कोतवाली पहुंच गये। परिजनों ने परिवार की इज्जत का वास्ता देकर उसे काफी समझाने का प्रयास किया गया। लेकिन प्रेमिका टस से मस नहीं हुई। और प्रेमी युवक के साथ रहने की जिद पर अड़ गई।

# जामा मस्जिद के मोहतमिम जाकिर हुसैन का इतंकाल

## हजारों नम आंखों के बीच सुपुर्दे खाक, मुफ्ती हमजा बने नए मोहतमिम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मदरसा जामिया इस्लामिया अरबिया जामा मस्जिद के मोहतमिम मास्टर जाकिर हुसैन काजमी का मंगलवार-बुधवार की मध्यरात्रि लगभग 75 साल की उम्र में निधन हो गया। ईद के दिन अचानक तबियत बिगड़ने के बाद से वह काफी बीमार चल रहे थे। रात करीब तीन बजे जोया रोड स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने आखिरी सांस ली।

स्व.जाकिर हुसैन काजमी शहर के मोहल्ला मुल्लाना निवासी थे और बीते करीब 50 साल से मदरसा जामिया इस्लामिया अरबिया (जामा मस्जिद) से जुड़े हुए थे। इसके साथ ही बीते कई सालों से वह जमीयत उलेमा-ए-हिन्द संगठन में बतौर शहर सदर अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे थे। साल 2024 में शहर इमाम डॉ. तारिक हसन का निधन होने पर मास्टर जाकिर हुसैन को जामा मस्जिद के मोहतमिम की बड़ी जिम्मेदारी दी गई थी। बुधवार सुबह निधन की खबर सुनकर मोहल्ला मुल्लाना स्थित उनके आवास समेत जामा मस्जिद में लोगों की भारी भीड़ जुटने लगी। सुबह लगभग 10:30 बजे उनके जनाजे को घर से पहले सीधे जामा मस्जिद ले जाया गया। वहां बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने उनका आखिरी दीदार किया। 11 बजे नमाज-ए-जनाजा अदा कराई गई, इसके बाद धनौरा मार्ग स्थित पुश्तैनी कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक कर दिया गया। जामा मस्जिद की मजलिस शुरआ ने आम राय से उनके स्थान पर अब मुफ्ती हमजा अब्बासी को मोहतमिम की जिम्मेदारी दे दी है। वहीं, उमराह के सफर पर गए विख्यात आलिमेदीन मुफ्ती सैय्यद मोहम्मद अफ्फान मंस. ूरपुरी ने भी मास्टर जाकिर हुसैन के इंतकाल पर ताजियत पेश की है। उन्होंने कहा कि उनकी बेलौस खिदमात को लंबे वक्त तक याद किया जाता रहेगा। दूसरी तरफ यूपी उर्दू अदब सोसाइटी की ओर से मोहल्ला मुल्लाना में आयोजित ताजयती जलसे में भी मगफिरत की दुआ की गई। अध्यक्ष कौसर अली अब्बासी ने मास्टर जाकिर हुसैन के दुनिया से चले जाने को शहर का बड़ा नुकसान करार दिया। आखिरी सफर में दारुल उलूम देवबंद के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय आलिमेदीन समेत बड़ी संख्या में शहरवासियों ने शिरकत की। मजलिस शुरआ में राय अम्मा से मुफ्ती हमजा को नए मोहतमिम की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

# पहचान छिपाकर हासिल की कार्यकत्री की नौकरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बीएड की छात्रा ने महिला पर फर्जी तरीके से आंगनवाड़ी कार्यकत्री का नियुक्ति पत्र प्राप्त करने का आरोप लगाया। छात्रा ने फर्जी दस्तावेजों की जांच करा नियुक्ति पत्र निरस्त करने व कानूनी करवाई की मांग को कलेक्ट्रेट मे शिकायती पत्र सौंपा।

बुधवार को धनौरा तहसील के गांव फदेड़ी की नाजिया पुत्री रियाज हैदर ने डीएम निधि गुप्ता वत्स को शिकायती पत्र सौंपा। शिकायती पत्र के मुताबिक नाजिया का आरोप है गांव की ही कनीज पुत्री महताब अली ने नियम विरुद्ध फर्जी तरीके से अपनी पहचान छुपाकर 7-112025 को आंगनवाड़ी कार्यकत्री के लिए आवेदन किया था। कनीज का विवाह 11 वर्ष पूर्व मुस्तफाबाद दिल्ली निवासी मुराद अली से हुआ था। नौकरी हथियाने के लिए दस्तावेजों मे उसे अविवाहित दर्शाया गया है। जबकि वह विवाहित है। वह अपने मायके ग्राम फंदेड़ी मे अपने पिता के यहां रह रही है। कनीज ने अधिकारियों को गुमराह कर अपनी पहचान छुपा आंगनवाड़ी कार्यकत्री का नियुक्ति पत्र हासिल कर लिया है। प्रार्थनी का कहना कि वह अविवाहित है,जबकि बीएससी की शिक्षा पूर्ण कर चुकी और बीएड की शिक्षा ग्रहण कर रही है। सुगरा विवाहित है, तथा उसकी शैक्षिक योग्यता भी प्रार्थनी से कम है। महिला के दस्तावेजों की जांच करा उसका चयन उक्त पद से निरस्त किया जाए और पहचान छुपाने पर उसके विरुद्ध कानूनी करवाई की जाए।

## तिगरी विद्यालय में प्रवेश को उमड़े अभिभावक



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** ब्लॉक क्षेत्र के तिगरी में पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय में स्कूल खुलने के पहले ही दिन बच्चों को प्रवेश दिलाने के लिए अभिभावकों की भीड़ उमड़ पड़ी। पहले दिन 51 बच्चों का प्रवेश हुआ। बुधवार को विद्यालय में 'प्रवेश उत्सव' का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। खंड शिक्षा अधिकारी आरती गुप्ता, जिला समन्वयक सतवीर सिंह, एसआरजी डॉ. जितेंद्र सिंह तथा एपीओ मनरेगा सौरभ कुमार ने 'प्रवेश उत्सव' में पहुंचकर सराहना की। प्रधानाध्यापक डॉ0 जोगिन्द्र सिंह ने बताया कि पिछले वर्ष पहले दिन 31 बच्चों का प्रवेश हुआ था जबकि आज 51 बच्चों का प्रवेश हुआ है। उन्होंने अभिभावकों का आभार जताया।

# पालिका कर्मियों ने डीएम से की सभासद पति की शिकायत

**■ नाजायज काम का दबाब बनाने, क्राइम ब्रांच और सीबीआई से शिकायत करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। ■ सभासद पति ने सभी आरोपों को नकारा।**

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर पालिका कार्यालय के कर्मचारियों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर पूर्व सभासद एवं वर्तमान में सभासद पति पर नियम विरूद्ध तरीके से कार्य कराने, कर्मचारियों को धमकाने, योजनाओं में आवे. दकों के फर्जी सत्यापन कराने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

शिकायतकर्ता कर्मचारियों का आरोप है कि बुध बाजार के पूर्व सभासद एवं वर्तमान में सभासद पति अमित चौधरी द्वारा कार्यालय के कर्मचारियों पर राशन कार्ड, आवास योजना आदि में फर्जी सत्यापन, फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र व अनापत्ति प्रमाण पत्र आदि बनवाने के लिए दबाब बनाया जाता है, साथ ही ये काम न करने पर क्राईम ब्रांच व सीबीआई में शिकायत करने की धमकी दी जाती है। कहा जाता है कि जबरदस्ती हाथ में पैसे पकड़ाकर जेल भिजवा दूंगा। पालि. का कर्मियों ने सभासद पति पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप भी लगाया है। कर्मचारियों ने अमरोहा स्थित कार्यालय में डीएम को शिकायती पत्र देकर सभासद पति अमित चौधरी के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है। वहीं सभासद पति अमित चौधरी का कहना है कि पालिका कर्मचारी जनता से जुड़े कामों को नहीं करना चाहते। हमेशा अवैध वसूली की फिराक में रहते हैं। उनकी गलत कार्यप्रणाली के विरूद्ध आवाज उठाने पर इस प्रकार की झूठी शिकायतें की जा रही हैं।

# भूसे की तरह भरे मिले मवेशी, गर्मी और प्यास से 44 की मौत, 34 जीवित मिले

**■ पुलिस ने चैकिंग के दौरान पकड़ा केंटर, पांच आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज, तीन गिरफ्तार**

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** एक केंटर में भूसे की तरह क्रूरता के साथ भरकर ले जाये जा रहे मवेशियों को पुलिस ने मुक्त कराया, तो इनमें से 44 पशु मृत जबकि 34 जीवित मिले। पुलिस ने केंटर चालक समेत तीन आरोपियों को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया जबकि पूछताछ में दो और आरोपियों के नाम सामने आए। इस तरह पुलिस ने पांच आरोपियों के विरूद्ध मुक. दमा दर्ज करते हुए तीन का चालान किया।

जानकारी के मुताबिक एसआई सुधीर कुमार तोमर व जोगेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल जितेन्द्र और कांस्टेबल अश्वनी व अजय कुमार मंगलवार की शाम लगभग पौने छह ब्रजघाट के पास हाइवे पर वाहन चैकिंग कर रहे थे, तभी मुरादाबाद दिशा की ओर से एक आयशर केंटर आया। पुलिस ने उसे रूकवाया और तिरपाल के अंदर देखा तो उसमें बेहद क्रूरता के साथ मवेशी भरे हुए थे। जिनमें से कई हांफ रहे थे तो वहीं एक दूसरे के ऊपर पड़े थे और रम्भा रहे थे। पुलिस ने केंटर चालक व कैबिन में मौजूद लोगों से पूछा तो बताया कि



वे मवेशियों के व्यापारी हैं। इसके बाद पुलिस ने मौहम्मदाबाद मुस्तकम गांव में स्थित गौशाला में केंटर को ले जाकर मवेशियों को मुक्त कराया तो इनमें से 44 मवेशी मृत जबकि 34 पशु जीवित मिले। पुलिस ने पशुचिकित्साधिकारी को मौके पर बुलवाया। पुलिस ने जीवित मवेशियों को चारा व पानी दिया जबकि मृत मवेशियों को नियमानुसार पोस्टमार्टम कराके जेसीबी से गडढ़ा खुदवाकर दफन कराया गया। पुलिस ने इस मामले में चालक अनस पुत्र आस मौहम्मद निवासी गोन्दी हमजा मस्जिद के पास, थाना कोतवाली देहात हापुड़, आशिफ पुत्र मुशर्रफ व शोएब पुत्र नाजिम निवासीगण सिकन्दर गेट नूरानी मस्जिद के पास मोती काला. ेनी कस्बा हापुड़, इशरार पुत्र इश्तियाक व रिहान पुत्र अख्तर निवासीगण आवास विकास कालोनी हापुड़ देहात जनपद हापुड़ के विरूद्ध पशु क्रूरता अधिनियम सहित अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। इसमें से अनस, आशिफ व इशरार को पुलिस ने गिरफ्तार करके चालान किया।

